<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 24.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी झारखंड दौरे पर, बोकारो में आज कई कार्यक्रमों में होंगी शामिल।
2. केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले झारखंड के 100 से ज्यादा लोग नयी दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह के साक्षी बनेंगे।
3. झारखंड में भी गणतंत्र दिवस समरोह की तैयारी अंतिम चरण में, रांची समेत सभी जिलों में में डीसी और एसपी ने फुल ड्रेस रिहर्सल परेड का किया निरीक्षण।
4. बूढ़ा पहाड़ नक्सल मुक्त अभियान में शामिल लातेहार के चार पुलिस अधिकारी दिल्ली में होंगे सम्मानित, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह देंगे विशिष्ट ऑपरेशन पदक।
5. राज्य में जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने सात जिलों के इंजीनियरों के वेतन पर लगायी रोक।

****

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी झारखंड दौरे पर हैं। वे आज बोकारो में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। केन्द्रीय मंत्री बोकारो में ही रात्रि विश्राम भी करेंगी। कल वे रांची पहुंचेगी और स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

****

झारखंड में केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रभावी और उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले 100 से ज्यादा लोग नयी दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड की साक्षी बनेंगे। इनमें मुखिया, सेविका, गंगा प्रहरी, जल योद्धा और समन्वयक शामिल हैं।

****

गणतंत्र दिवस को लेकर राज्यभर में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आज राजधानी के ऐतिहासिक मोराबादी मैदान में गणतंत्र दिवस को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल परेड की गयी। इस मौके पर उपायुक्त ने बताया कि समारोह के दौरान 11 विभागों की झांकियां निकाली जायेंगी।

एसएसपी ने गणतंत्र दिवस के दिन राजधानी की सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था की जानकारी दी।

राज्य के अन्य जिलों में भी आज उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में फुल ड्रेस रिहर्सल परेड किया गया।

****

बूढ़ा पहाड़ को नक्सलमुक्त करने के लिए लातेहार के चार पुलिस पदाधिकारियों को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह सम्मानित करेंगे। सम्मानित होने वालों में पूर्व एसपी अंजनी अंजन, अवर निरीक्षक गौतम कुमार, जमील अंसारी और जवान मनोहर राम शामिल हैं। गणतंत्र दिवस पर उन्हें विशिष्ट ऑपरेशन पदक–2023 से सम्मानित किया जायेगा।

****

राज्य में जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने सख्ती शुरु कर दी है। विभाग के प्रधान सचिव ने ऑनलाइन समीक्षा के दौरान पाया कि गिरिडीह, दुमका, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज में हर घर नल से जल योजना के क्रियान्वयन में शिथिलता बरती गयी है। मिशन की प्रगति रिपोर्ट संतोषजनक नहीं पाये जाने को लेकर संबंधित इंजीनियरों और पदाधिकारियों का वेतन रोकने का आदेश विभाग ने दिया है।

****

स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया 24 जनवरी को सेल दिवस के रूप ने मनाता है। इस मौके पर बोकारो स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक बीके तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना में सेल अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है।

****

सरायकेला–खरसांवा जिले के आकांक्षी प्रखंड सरायकेला, गम्हरिया और कुकुडू प्रखंड में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की पहल तेज कर दी गयी है।

****

आज राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने बालिकाओं को सशक्त बनाने में योगदान देने वाले क्षेत्रों जैसे शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कौशल, स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित किया है। इधर, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने सभी बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए संकल्पबद्ध बनने का आह्वान किया है।

****

हॉकी इंडिया लीग के महिला वर्ग में आज शाम छह बजे जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स से होगा, जबकि पुरुष वर्ग में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स रात सवा आठ बजे वेदांत कलिंगा लांसर्स का सामना करेगा।

****